an>

Title: Need to install transformers with adequate capacity to address the problem of power failure in Vaishali Parliamentray Constituency, Bihar.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) : हमारे संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) में विद्युत ट्रांसफॉर्मर के चोरी और जलने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। पूर्व में कम शक्ति के अधिष्ठापित ट्रांसफॉर्मर उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने और ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड के कारण ट्रांसफॉर्मर जल जाते हैं। परिणामतः उपभोक्ताओं को कई माह तक अंधेरे में रहने को विवश होना पड़ता है क्योंकि उपभोक्ताओं की माँग पर लम्बे समय तक कार्रवाई नहीं होती। यद्यपि केन्द्र सरकार ने ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु 324 करोड़ की राशि राज्यों को आवंटित की है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपने क्षेत्र के विभिन्न शहरों एवं गाँवों में ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु अनुशंसा की गई है, परंतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित और त्वरित कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी व्यवस्था में केंद्र सरकार को माननीय सांसदों को 63 के.बी.ए., 100 के.बी.ए. और 200 के.बी.ए. के ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने हेतु प्रत्यक्ष अधिकार प्रदान कराना चाहिए क्योंकि राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को नहीं मिल रहा है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि उपर्युक्त समस्या के शीघ्र निष्पादन हेतु राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश जारी कर नव व्यवस्था के तहत ट्रांसफॉर्मर वितरण का प्रत्यक्ष अधिकार प्रदान कराने की व्यवस्था की जाए।